तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 9 नवंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 वंदे मातरम गीत ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में ...



14 वार्षिक खेल दिवस का जोश, अनुशासन...




## बांस बनेगा छत्तीसगढ़ की हरित अर्थव्यवस्था की रीढ़-बेमेतरा में इतिहास रचेगा बांस तीर्थ संकल्पना सम्मेलन

### छत्तीसगढ़ बांस तीर्थ संकल्पना सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अलग खबर

जिले के ग्राम कठिया स्थित भव्य सृष्टि उद्योग परिसर में आगामी 14 नवंबर शुक्रवार आयोजित होने जा रहा "छत्तीसगढ़ बांस तीर्थ संकल्पना सम्मेलन" राज्य के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ने जा रहा है। यह आयोजन भव्य सृष्टि उद्योग प्राइवेट लिमिटेड, प्रेरणा विद्यालय, मानव तीर्थ, समाधान महाविद्यालय, बांस तीर्थ किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड एवं मदेश्वर देवगढ़ किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। यह राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन विशेष रूप से छत्तीसगढ़ राज्य के किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी और दिशा-निर्देशक सिद्ध होगा। वर्तमान में राज्य के अधिकांश किसान धान की खेती पर निर्भर हैं, जो लगभग पूर्णतः सरकारी सहायता पर आधारित है। धान से होने वाली सीमित आय और घटता भू-जल स्तर राज्य की कृषि के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है। ऐसे में बांस की खेती किसानों के लिए एक सशक्त और सतत विकल्प के रूप में उभर रही है, जो न केवल आय बढ़ाने में सहायक होगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को भी कम करेगी। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे तथा अपने उद्बोधन में राज्य में हरित औद्योगिकीकरण और आत्मनिर्भरता के नए अध्याय की ▶▶|शेष पेज 13 पर




#### सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन बंबू की होगी स्थापना

कार्यक्रम की प्रमुख झलकियों में विश्व के सबसे ऊंचे बांस टावर पर राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण, बांस प्रौद्योगिकी में नवाचार एवं औद्योगिक अनुप्रयोगों का प्रदर्शन, तथा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन बंबू की स्थापना की घोषणा शामिल होगी, जिसे राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर के सहयोग से स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही बायोचार, बायो विनेगर, बायो बिटुमेन, बांस क्रैश बैरियर, बाहुबली पोल, फेंस पैनल, लाइट पोल आदि के प्रदर्शन के साथ-साथ वृहद बांस रोपण अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। यह सम्मेलन छत्तीसगढ़ को हरित अर्थव्यवस्था और ग्रामीण समृद्धि की दिशा में एक नई पहचान देने वाला सिद्ध होगा।

## खबर संक्षेप

### 10 लीटर शराब जब्त एक कोचिया गिरफ्तार



**बेमेतरा।** शराब तो मसालेदार थी, पर किस्मत फीकी पड़ गई... ये बात अब शायद कुसमी निवासी सतीश साहू (32) को अच्छे से समझ आ गई होगी। आबकारी विभाग की टीम ने शनिवार को सतीश साहू को रंगे हाथों पकड़ लिया, जब वह नीली-सफेद बोरी में छिपाकर देशी मसाला मदिरा रखे बैठा था। आबकारी वृत्त बेरला प्रभारी निवेदिता मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने दबिश देकर 9.9 लीटर मसालेदार देशी मदिरा (55 पाव) जब्त की। शराब का बाजार मूल्य तो 5500 रुपए है, लेकिन अब आरोपी को इसकी असली कीमत जेल में चुकानी पड़ेगी। मुखबिर से सूचना मिलते ही आबकारी टीम नगर पंचायत कुसमी के वार्ड-01 में पहुंची आबकारी प्रभारी निवेदिता मिश्रा की टीम ने बिना देर किए तलाशी ली। बोरी खुलते ही 55 पाव देशी मसाला मदिरा निकला । विभागीय सूत्रों के अनुसार आरोपी ने पहले तो यह कहने की कोशिश की मैडम, बस दो-चार बोतल पीने भर की रखी थी लेकिन जब गिनती 55 तक पहुँची, तो चुप्पी साध ली। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम 1915 (संशोधित 2011) की धाराएँ 34(1)(क), 34(2), 59(क) लगाई गई हैं — यानी मामला गैर-जमानती है। आबकारी टीम ने मौके पर शराब जब्त कर विधिवत सीलिंग की, आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा। आबकारी विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध शराब कारोबार की सूचना नंबर पर दें। विभाग ने भरोसा दिलाया है कि शिकायतकर्ता की पहचान सरकारी राज की तरह गोपनीय रखी जाएगी।

### 5 से 7 नवंबर के बीच होना था ट्रायल रन, अब 9 नवंबर से टोकन वितरण पर भी संकट के बादल

# धान खरीदी सॉफ्टवेयर का ट्रायल रन ठप सोसायटी कर्मियों की हड़ताल का पड़ रहा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- किसानों की धान खरीदी प्रक्रिया में संभावित देरी की आशंका

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने से पहले खाद्य विभाग ने धान खरीदी सॉफ्टवेयर का ट्रायल रन के आदेश जारी किए थे, लेकिन सोसायटी कर्मियों की हड़ताल के चलते जिले के किसी भी खरीदी केंद्र में यह प्रक्रिया नहीं हो सकी। हड़ताल यदि खत्म नहीं हुई तो आगामी नौ नवंबर से टोकन जारी करने की प्रक्रिया पर भी पड़ने के आसार दिखाई दे रहे हैं। बताया गया है कि प्रदेश स्तर से 5 से 7 नवंबर के मध्य तकनीकी काम के लिए खाद्य अफसरों को अपने-अपने क्षेत्र में ट्रायल रन करने कहा गया था। 7 तारीख को यह काम होने के बाद 9 नवंबर से ▶▶|शेष पेज 13 पर





#### एप से मिलेगा टोकन

*किसानों को धान खरीदी के लिए टोकन जारी करने के लिए टोकन तुहर हाथ एंड्रॉइड एप विकसित किया गया है। एप के माध्यम से किसान को समिति द्वारा दर्ज उसकी जानकारी, भूमि विवरण, बैंक खाता, टोकन तथा धान खरीदी से संबंधित सभी नवीनतम जानकारियां उपलब्ध होगी। एप के माध्यम से 70 फीसदी टोकन दिए जाएंगे।*

#### बैंक खाता होना आवश्यक

धान बेचने के लिए किसानों को आवश्यक है कि उनके पास बैंक खाता होना चाहिए। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि किसान का वह बैंक खाता सत्यापित भी होना चाहिए। बैंक खाता सत्यापित नहीं हुए किसानों का टोकन जारी करने की अनुमति नहीं है। सरकार ने ये भी साफ किया है कि किसान को जारी सभी टोकनों का योग किसान से धान खरीदी योग्य मात्रा के बराबर या कम होना अनिवार्य है। टोकन में धान की मात्रा 0.40 क्वि. प्रति बोरा यानी 40 किलो भरती के अनुपात में प्रविष्ट करना अनिवार्य है। नया टोकन बनाने हेतु रविवार से शुक्रवार तक 9.30 सुबह से 5 बजे शाम की समय-सीमा निर्धारित है।

## ठंडी हवाओं का आना शुरू, 3 डिग्री तक लुढ़केगा तापमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अंचल में ठंड बढ़ने का सिलसिला शुरू होने वाला है। ठंडी और शुष्क हवाओं के आगमन में इजाफा होने के साथ ही जिले में तापमान की गिरावट भी शुरू हो जाएगी। अगले 72 घंटे में ही तीन डिग्री तक तापमान लुढ़कने के आसार जताए गए हैं। शुक्रवार ओर शनिवार अंचल का अधिकतम तापमान 31 डिग्री पर रहा, यह सामान्य से लगभग तीन डिग्री अधिक है। वहीं रात का पारा यानी न्यूनतम तापमान 17.5 डिग्री पर आ गया है, यह सामान्य से दो डिग्री पहले ही कम हो चुका है। मौसम विभाग से मिली प जानकारी के अनुसार अब मौसम में बदलाव के संकेत मिले हैं। जिसके चलते अब प्रदेश में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन प्रारंभ होने की संभावना है। जिसके कारण अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस के आसपास गिरावट होने की संभावना है। में आज 9 नवंबर को मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

## महिलाओं को बताया 'सक्षम' और 'ऋण योजना' का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- महिला सशक्तिकरण केंद्र ने चलाया जागरूकता अभियान



महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब) ने शहर में जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं को "छत्तीसगढ़ महिला कोष" के अंतर्गत संचालित सक्षम योजना एवं ऋण योजना की विस्तृत जानकारी देना था, जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। इस दौरान विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सब्जी विक्रेताओं, फल विक्रेताओं एवं ठेला संचालकों से मुलाकात की और उन्हें महिला कोष योजनाओं की जानकारी दी। मिशन शक्ति से जुड़ी जेंडर ▶▶|शेष पेज 13 पर

## बेहतर पुलिसिंग के लिए विभाग ने लांच किया क्यू आर कोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- आम जन ऑनलाइन फॉर्म भर कर साझा कर सकेंगे पुलिस की कार्यप्रणाली पर अपना अनुभव



दुर्ग रेंज पुलिस ने आम नागरिकों की सुविधा और पुलिसिंग सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करने एक नई पहल 'अनुभव' प्रारंभ की गई है। इस पहल का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच पारदर्शिता, विश्वास एवं संवाद को सशक्त बनाना है। जिसके लिए पुलिस प्रशासन ने क्यूआर कोड लॉन्च किया गया है जिसे स्कैन कर नागरिक ऑनलाइन फीडबैक फॉर्म भर सकेंगे। इस फॉर्म में कुछ सरल प्रश्न होंगे जिनके उत्तर देकर नागरिक अपने अनुभव और सुझाव साझा कर सकते हैं। विभाग ने बताया कि नाम एवं मोबाइल नंबर देना पूर्णतः वैकल्पिक है, जिससे नागरिक बिना किसी झिझक के अपनी राय दे सकें। प्राप्त सभी फीडबैक सुरक्षित रखे जाएंगे तथा नागरिकों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस प्रशासन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पहल सरगुजा रेंज पुलिस से प्रेरित है, जहाँ यह व्यवस्था पूर्व में सफलतापूर्वक लागू की जा चुकी है। दुर्ग रेंज में इसे और प्रभावी स्वरूप देने ▶▶|शेष पेज 13 पर

## दो माह में सभी कार्य पूर्ण करने की नपाध्यक्ष ने दी हिदायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- नपाध्यक्ष ने विकास कार्यों की ली समीक्षा बैठक, ठेकेदारों को समय सीमा पर कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने पालिका सभा कक्ष में नपा के विभागों एवं ठेकेदारों की समीक्षा बैठक ली. उन्होंने वार्डो के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट मांगी. रिपोर्ट संतुष्टीजनक नहीं होने पर संबंधित ठेकेदारों को फटकार लगाते हुए कार्यों में गति लाने व छूटे हुए कार्यों को पूर्ण करने एवं अप्रारंभ कार्यों को प्रारंभ किए जाने के लिए निर्देशित किया. इस दौरान बैठक में नगर पालिका सीएमओ नरेश वर्मा, उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, पार्षद पंचू साहू भी ▶▶|शेष पेज 13 पर

एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
NABH Certified
24x7 Emergency Services

मधुमेह, थॉयराइड एवं हार्मोन विभाग
डॉ. रजत देब
एमबीबीएस, एमडी, डीएम (एंडोक्राइनोलॉजी)
हाई-लो बी.पी., हाई कोलेस्ट्रॉल, मोटापा, इंसुलिन से संबंधित जानकारी, मेटाबोलिक बोन डिजीज, इनफर्टिलिटी, बच्चों में छोटा कद, पीसीओडी, कमजोर हड्डियां, पुरुषों में स्तन वृद्धि, सेक्सुअल डिसफंक्शन, प्रजनन संतान प्राप्ति और सेक्स से संबंधित, महिलाओं के चेहरे पर अधिक बाल।
दिन: सोमवार से शनिवार समय: दोपहर 03 बजे से 05 बजे तक

पेट, आंत, लिवर एवं पैंक्रियाज विभाग
डॉ. अभिजीत जैन
एमबीबीएस, एमएस
एमसीएच (सर्जिकल गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट)
(एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, पैंक्रियाटाइटिस एवं पैंक्रियाज के कैंसर की सुविधा)
भूख ना लगना, एसिडिटी, पेट में जलन, घाव, गांठ, पानी भरना, टीबी, लिवर में चर्बी जमना, हेपेटाइटिस, आंतों का कैंसर, पित्त की नली में पथरी, खाना ना पचना व पेट, आंत लिवर से संबंधित अन्य बीमारियां।
दिन: सोमवार से शनिवार समय: दोपहर 01 बजे से 04 बजे तक

स्पर्श मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
रामनगर, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
0788-4052040 | 77730 10941
CALL FOR EMERGENCY 62691 62691



